सुविचार
लगता था जिंदगी को बदलने में वक्त लगेगा, पर क्या पता था बदला हुआ वक्त जिंदगी बदल देगा।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...






# अर्जुन मुंडा ने नामांकन दाखिल किया कचहरी मैदान से लेकर पतरा मैदान तक विशाल रोड शो



अंतर्कथा प्रतिनिधि

खूंटी: आज खूंटी लोकसभा से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने से पूर्व उन्होंने सोनमेर मंदिर, कर्रा और मुरहू स्थित अमरेश्वर धाम में पूजा अर्चना की। नामांकन के बाद श्री मुंडा ने कचहरी मैदान से लेकर पतरा मैदान तक विशाल रोड शो किया।
बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को तीन लाख मतों से ज्यादा से जिताना है ।उन्होंने कहा कि अगर अर्जुन मुंडा जी इतने मतों से विजयी होते हैं तो खूंटी के जनता का अभिवादन करने मैं खुद आऊंगा।
श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के तीन मुख्यमंत्री बने लेकिन किसी पर भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा लेकिन यहां के पूर्व सीएम तो डेढ़ दिन तक गायब रहे, जो मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की जनता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है और ऐसे तपस्वी पुरुष को हमें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है ,हमें उसे हकीकत में बदलना है। उन्होंने कहा कि खूंटी की पूरी जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी है और खूंटी की जीत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह नामांकन खूंटी को विकसित बनाने के लिए है।

### यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है- सुदेश महतो

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव पंचायत का चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का चुनाव है। इस चुनाव से हम देश का नेता का चयन करेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जैसे लोकप्रिय नेता का हमें फिर से चयन करना है। वहीं खूंटी से हमें मुंडा जी को चुनकर भेजना है, जो मोदी जी के साथ काम करेंगे।उन्हें रिकॉर्ड मतों से हमें जिताना है।

### आप सांसद नहीं चुन रहे हैं बल्कि एक मंत्री चुन रहे हैं- बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में 14 में 14 सीटें जीतने का काम करना है। आज विपक्ष के बारे में आप सभी लोगों को पता है, इनलोगों ने लूट मचा रखी है। बालू -पत्थर की लूट मचा रखी है। दूसरी ओर हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत के निर्माण की बात करते हैं तो विपक्ष के लोग अपने परिवार के विकास की बात करते हैं।

## प्रेरणादायक सपूत..अमर शहीद बाबू वीर कुँवर सिंह का 167 वां विजय महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

अंतर्कथा प्रतिनिधि

सिंदरी /धनबाद----सिन्दरी शहर के बाबू वीर कुंवर सिंह चौक पर कुंवर सिंह का विजय उत्सव धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के गण्यमान्य लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। विजय उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू कुवर सिंह समिति कान्ति देवी के द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1857 ई. के इस विद्रोह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में माना जाता है। आज ही के दिन 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह ने जगदीशपुर स्थित अपने किले पर अंग्रेजों को हराकर अपना अधिकार प्राप्त किया था और अपना झंडा गाड़ा था। इसलिए 23 अप्रैल को विजयोत्सव दिवस के रूप में देशभर में मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि महान योद्धा एवं प्रक्रम में लोह पुरुष कुंवर सिंह 80 साल की उम्र में तलवार उठाई और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। इन्हें राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा स्वाभिमान के प्रतिमूर्ति के रूप में उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हमारी युवा पीढ़ी को बाबू कुंवर सिंह से देशभक्ति का सीख ले कर मां भारती और समाज की सेवा में पूर्ण निष्ठा और पवित्रता के साथ लग जाना चाहिए।

## दिल्ली हाईकोर्ट से निशिकांत दुबे को नोटिस, फिलहाल सीबीआई जांच पर कोई रोक नहीं

रांची : दिल्ली हाईकोर्ट में लोकपाल के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई. जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक सम्पति के मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख करते हुए याचिका दाखिल की है. दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने एक मामले के शिकायतकर्ता सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई के लिए 10 मई की तिथि निर्धारित की है. सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल ने JMM की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में बहस की. मंगलवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने CBI की जांच पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई है. दरअसल 22 फरवरी को लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था.

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, हत्या की आशंका

हजारीबाग : सर्किट हाउस के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी. मृतक की पहचान इटखोरी नवरंग प्रक्रिया निवासी अमित कुमार (24) के रूप में हुई है. अमित घर का इकलौता चिराग था. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अमित हजारीबाग में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था. वहीं कुछ दोस्त कह रहे हैं कि वह रूम में सोमवार को सोया हुआ था. वहीं कुछ दोस्तों का कहना था कि वह बरात जा रहा था. परिजनों ने यह भी कहा कि दोस्तों की बात सुनकर लग रहा है कि उसकी हत्या हुई है. इधर, पुलिस अमित के दोस्तों से पूछताछ कर रही है.

# मुख्यमंत्री जो कहती हैं वह करती हैं जो करती हैं वही कहती हैं : शत्रुघ्न सिन्हा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



आसनसोल: पश्चिम बंगाल आसनसोल लोकसभा सीट से तृणमूल उमीदवार शत्रुघ्न सिन्हा अपने समर्थकों की भारी भीड़ के साथ मंगलवार को नॉमिनेशन करने पश्चिम बर्धमान जिला शासक के कार्यालय पहुँचे, जहाँ वह अपने समर्थकों के उत्साह और भीड़ को देख ख़ुशी के मारे काफी गदगद हो गए, इस दौरान उन्होने काफी उत्साहित होकर कहा उनकी नेत्री मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी जो कहती हैं वही करती हैं और जो करती हैं वही कहती हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तृणमूल सुप्रीमो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी से सिख लेनी चाहिए वह जुमलों के सरदार बन चुके हैं, हर बार नए -नए जुमले लेकर सामने आ जाते हैं, नए नए वादे नई गारंटी लेकर और वह जनता से किया हुआ कोई भी वादा पूरा नही करते, उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तो इस तरह का विशाल रैली नही दिखा पर हमारी यह रैली ने एक छोटा सा ट्रेलर दिखाने का काम किया है आने वाले समय मे इससे भी बड़े -बड़े ट्रेलर देखने को मिलेंगे,
इसके बाद उन्होने यह दावा भी किया की इस बार चुनाव मे उनको उनके द्वारा किए गए विकाश के कार्यो के नाम पर जनता अपनी आशिर्वाद के तौर पर मतदान कर पहले से भी ज्यादा और भारी से भारी मतों से उनको जीत दिलाएगी|

# भाजपा समाज और देश का विकास करती है, इंडी गठबंधन परिवार का : राजनाथ सिंह

अंतर्कथा प्रतिनिधि

खूंटी : मंगलवार को खूंटी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नामांकन में शामिल हुए। वहां आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के घटक दलों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन लोगों में खौफ पैदा कर उनका समर्थन हासिल करना चाहती है। भाजपा प्यार, मोहब्बत और मान सम्मान कर उनका समर्थन चाहती है। झूठ बोलकर और जनता की आंखों में धूल झोंककर लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती। इंडी गठबंधन के लोग यही काम कर रहे हैं।
श्री सिंह ने कहा की झारखंड गठन के बाद भाजपा के तीन सीएम हुए। इनमें से किसी पर भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं लगे। झारखंड के एक सीएम सरकार के मेहमान है। पहली बार मैंने किसी सीएम को डेढ़ दिन तक लापता होते सुना था। वह भी झारखंड के ही थे।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राजनीति परिवार के लिए करते हैं। समाज और देश बनाने के लिए नहीं करते हैं। भाजपा समाज और देश बनाने के लिए राजनीति करती है। पीएम ने अपना पूरा जीवन देश की जनता को समर्पित कर दिया है। वह आज भी 18 घंटे काम करते हैं। पीएम मोदी के कारण ही आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत की दुनिया में कद्र बढ़ी है।
श्री सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। झारखंड को लाइमलाइट में लाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने समाज की अंतिम सीढ़ी पर रहने वाले लोगों की आवाज सुनी। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में अलग आदिवासी कल्याण मंत्रालय बना। पीएम मोदी के कार्यकाल में इसका बजट कई गुना बढ़ गया है।

### हेमंत सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा : बाबूलाल मरांडी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, जनता देख रही है। हेमंत सोरेन ने राज्य के हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल बीजेपी की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आएगी तो जमीन छीन लेंगे। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जाएं कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जीताकर भेजेंगे। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

### शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री और खूंटी से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनता के बल पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। खूंटी से कमल खिलाना ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन होगा। आज तक इतिहास में सिर्फ नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की धरती पर आए। भाजपा शहीदों का सम्मान करना जानती है। इतिहास को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। जनता संकल्प ले कि इस पर झारखंड से 14 कमल फूल दिल्ली भेजने का काम करेंगी।

### कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है

गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है। कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। भारतीय जनता पार्टी हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में कोई भेदभाव नहीं करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को समान रूप से मिल रहा है। 5 किलो मुफ्त चावल भी सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने अर्जुन मुंडा को तीन लाख से अधिक वोटो से जिताने की अपील की।

# गलती से भी कोई गलती नहीं हो, आरओ हैंडबुक मैनुअल के अनुसार करे कार्य - उपायुक्त

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) रिटर्निंग ऑफिसर (आरो) हैंडबुक मैनुअल के अनुसार कार्य करें, जिससे चुनाव में गलती से भी कोई गलती होने की गुंजाइश नहीं रहे। ईवीएम की कमिश्निंग समय पर पूरी करे।

उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कृषि बाजार समिति, धनबाद पॉलिटेक्निक एवं निरसा पॉलिटेक्निक से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। जबकि मतदान संपन्न होने के बाद सभी सामग्री कृषि बाजार समिति में निर्मित स्ट्रांग रूम में रिसीव की जाएगी। इसलिए सभी संबंधित एआरओ एक बार कृषि बाजार समिति का भ्रमण कर अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हॉल को देख ले। चुनाव सामग्री कहां और कैसे रखनी है, पहले से तय कर ले। साथ ही अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर का भ्रमण कर सामग्री रखने के लिए कमरों को चिह्नित कर ले।

बैठक के दौरान ईवीएम से संबंधित, मतदान के बाद ईवीएम प्राप्त करने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, चुनाव सामग्री, वाहन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी इत्यादि की समीक्षा की गई।

वहीं चंदनकियारी और बोकारो के एआरओ को अपने-अपने रूट चार्ट बोकारो के पुलिस अधीक्षक एवं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के लिए कहा।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्री जियाउल अंसारी, वरीय उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालीदास मुंडा, निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज़ अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बंगाल की जनता अब तृणमूल उम्मीदवार को बिहारी या बंगाली बाबू नही बल्कि मानती है खुदका एक हिस्सा : पूनम सिन्हा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



आसनसोल: पश्चिम बंगाल आसनसोल लोकसभा सीट से तृणमूल उमीदवार शत्रुघ्न सिन्हा मंगलवार को अपनी पत्नी पूनम सिन्हा और अपने दोनों बेटे लव और कुश को लेकर तृणमूल नेताओं और समर्थकों की भारी भीड़ के साथ अपना नॉमिनेशन फाईल करने आसनसोल मे स्थित पश्चिम बर्धमान जिला शासक के कार्यालय पहुँचे जहाँ उन्होंने अपना नॉमिनेशन फाईल किया, इस दौरान उनकी पत्नी पूनम सिन्हा ने पत्रकारों को कहा की आज बहोत ही ख़ुशी और उत्साह का दिन है और बंगाल की जनता इस नॉमिनेशन से भी काफी खुश है, उन्होने यह भी दावा किया की इस बार चुनाव मे शत्रुघ्न सिन्हा को पहले से भी ज्यादा मतों से जीत मिलेगी और वह जीत उनकी उनके संसदीय क्षेत्र मे किए गए कार्य के नाम पर मिलेगा, उन्होंने यह भी कहा की पहले तृणमूल उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा को यहाँ के लोग कभी बिहारी तो कभी बंगाली बाबू कहते थे पर उनके कार्यो व उक्त कार्यो मे निष्ठा को देख अब वही लोग उनको अपना पार्ट यानि की खुदका एक हिस्सा समझ रहे हैं, जो एक बड़ी उपलब्दी भी है।

# मुनीडीह ओपी ने किया दस क्विंटल जप्त

अंतर्कथा प्रतिनिधि



पुटकी। अवैध रूप से कोयला का परिवहन करते 5 दुपहिया वाहन को मुनीडीह ओपी पुलिस ने जब्त किया। वहीं पुलिस गाड़ी को देखते ही चालक वाहन छोड़ भाग निकले। ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो ने बताया करीब 10 क्विंटल कोयला समेत 5 दुपहिया वाहन को भी जब्त कर ओपी लाया गया है। श्री महतो के अनुसार अग्रिम करवाई की जा रही हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बाजार समिति स्थित बज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभा, बाघमारा विधानसभा एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को विधानसभावार बैठने के स्थानों एवं डिस्पैच करने हेतु चिन्हित स्थानों समेत कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। डिस्पैच के अलावा उन्होंने रिसीविंग हेतु काउंटर निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ने पोलिंग पार्टियों के बैठने समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु चल रही तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिसीविंग हेतु विधानसभा बार काउंटर निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक श्री राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा समेत अन्य मौजूद रहें।

## आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त चिन्हित वल्नरेबल बूथों में चलाया गया मतदाता संपर्क अभियान

▶ निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए किया गया प्रेरित

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा की द्वारा प्रखंड अंतर्गत चिन्हित वल्नरेबल बूथ में मतदाता संपर्क अभियान चलाया गया। विदित हो कि बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277, 278 एवं 303 वल्नरेबल मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किए गए हैं। ए अलकडीहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277 एवं 278 के चिन्हित वल्नरेबल मतदाताओं एवं ग्राम पंचायत सुरुंगा के मतदान केंद्र संख्या 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मिलकर उन्हें निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान किसी भी दबाव या अन्य प्रलोभन रहित होकर स्वतंत्र रूप से मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अभिलंब सूचित करने को कहा गया है।

# श्री श्री बजरंगबली मंदिर समिति द्वारा किया गया प्रसाद वितरण



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। हनुमान जयंती के अवसर पर करकेंद पारबाद पुल के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर में श्रीश्री बजरंगबली मंदिर समिति द्वारा विशेष संध्या आरती एवं पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह,अनिल शर्मा, नागेश्वर चौधरी,भगत सिंह, आकाश चौधरी, अनिकेत, अंकित, क्षितिज राज व अन्य थे ।

## कोयले की बर्चस्व को लेकर बासुदेवपुर 14 नंबर में हुई दो गुटों में जमकर मारपीट,एक गंभीर रूप से घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

केंदुआ। केंदुआडीह थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के समीप,बासुदेवपुर 14 नंबर में आज सुबह दो गुटों के समर्थकोंन द्वारा आपसी मारपीट में सुजीत केवट नामक युवक घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत मे SNMMCH में भर्ती कराया गया। मारपीट की घटना में ईट पत्थर और रड का प्रयोग किया गया । घटना में सुजीत केवट को दोनों हाथ और एक पैर में गंभीर चोटें आई है. आनन फानन में स्थानीय लोगों ने सुजीत केवट को धनबाद शहीद निर्मल महतो अस्पताल ले गए । जहां उनका इलाज जारी है.

मारपीट की इस घटना में सुजीत को अंदरूनी चोटें भी आई है. जिससे उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की सूचना पाकर केंदुआडीह पुलिस अस्पताल पहुंच मामले की जांच में जुट गई है।वहीं इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सह निरीक्षक आर एन ठाकुर ने बताया कि पीड़ित से बयान लिया जाएगा इसके बाद फिर उचित कार्रवाई होगी ।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले में वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों गुटों में खूनी संघर्ष होते रहती है उसी का नतीजा है कि आज सुजीत केवट के साथ इस तरह की घटना घटी है।

# श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर डुमरी नंबर चार मै हनुमान जन्म उत्सव पर किया गया भजन संध्या वा विशाल भंडारा का आयोजन

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद : श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर डुमरी मै हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 बजे से किया गया जिसकी शुरुआत भंडारा से किया गया जिसमे 3500 भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसके बाद बालाजी महाराज की जोयत प्रज्वालित की गयी उसके बाद बाबा को छापन भोग वा बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया गया।

इसके बाद संध्या 07:00 बजे भजन कीर्तन का अयोजन किया गया जिसमे धनबाद के पंकज साँवरिया, नीरज साँवरिया, स्नेहा गुप्ता, नेहा गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन गए।

वहीं सुनील साँवरिया जी ने कहाँ की सन 1930 में सांवरिया परिवार के पूर्वजों द्वारा मंदिर की स्थापना की गई थी । वहीं कुछ वर्षो पूर्व सांवरिया परिवार सदस्यों के द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया और मंदिर को एक भव्य रुप दिया गया वहीं ये कार्यक्रम लगभग 25 वर्षो से होते आ रहा है।

कार्यक्रम मै सुमित्रा देवी साँवरिया,अनिल साँवरिया, सुनील साँवरिया, मनोज साँवरिया, गोविन्द अग्रवाल, बिमल अग्रवाल, प्रभास बोदिया, प्रवीण अग्रवाल, दिनेश शर्मा, मोनू साँवरिया आदि लोग मौजूद थे।

# भीषण गर्मी व हिट वेव को देखते हुए दवा व्यवसाई और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा लगाया गया पियाऊ स्टॉल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

बरहरवा -: झारखंड प्रदेश के अधिकतर हिस्से में अभी भीषण गर्मी अपने पूरे चरम पर है,प्रदेश के अधिकांश हिस्से में गर्मी ने हर रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है,आम जन जीवन पूरी तरह इस भीषण गर्मी से त्रस्त है। चिलचिलाती हुई धूप और गरम हवा के थपेड़ो ने पूरे प्रदेश के अधिकांश हिस्से को अपने कब्जे में कर रखा है। इसको देखते हुए बरहरवा के दवा व्यवसाई और सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने 23 अप्रैल मंगलवार को बरहरवा शहर के कई चौक चौराहों पर लोगों कि सुविधा के लिए पीने के शुद्ध पेयजल का स्टॉल अपने स्तर से




लगाने का काम किया। इस भरी गर्मी में जो लोग अपनी रोजमर्रा कि जिंदगी कि जरूरत कि चीजों को बाजार में खरीददारी करने आते है या अपने किसी भी काम के लिए आते हैं उनको इस भीषण गर्मी में एक एक बूंद पानी के लिए भी जूझना पड़ता है या तो वो बाजार से खरीद कर पानी पिए या फिर वैसे ही प्यासे रह जाए। इन सबकी परेशानी को देखते हुए यहां के समाजसेवी ने बरहरवा के चौक चौराहों पर आज लोगों के लिए शुद्ध पेयजल कि स्टाल को लगाया ताकि इस भरी गर्मी में लोगों को पीने की पानी के लिए कहीं कोई परेशानी न हो।

## तीन नकाबपोश ने युवक को जबरन उठाकर अपने साथ ले गया,नदी में घायल अवस्था में बेहोश मिला



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: झाझा थानाक्षेत्र के बालापाड़ा गांव में रात्रि में अगवा हुए एक युवक मंगलवार की सुबह गांव के कुछ दूरी पर स्थित नदी में घायल अवस्था में बेहोश पड़ा मिला। जिसको परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां चिकित्सक ने घायल युवक को उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक के बड़ा शंभू यादव ने बताया कि रात्रि में हमलोग खाना खाकर सो गए थे। उसी समय मेरे छोटे भाई भैरो यादव को तीन नकाबपोश ने मेरे भाई को जबरन उठाकर अपने साथ ले गया था। जब घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर स्थित नदी की ओर कुछ ग्रामीण लोग शौच के लिए जा रहा था उनलोगों की नजर मेरे भाई पड़ा जिसके बार ग्रामीणों ने हमलोगों को सूचना दी जिसके बाद हमलोग मौके स्थल पर पहुंचा तो देखा कि मेरा भाई बेहोश पड़ा हुआ है।

## केशोपुर हाई स्कूल के सामने भंवरा पूल होते हुए धमना की दिशा में की सड़क हादसों को दावत दे रही

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: केशोपुर हाई स्कूल के सामने भंवरा पूल होते हुए धमना , काशीकुंड , सेवा, लक्ष्मीपुर प्रखंड जोड़ने वाली संपर्क पथ अब हादसों को दावत देने लगी है। यही सड़क धमना गाव से झाझा, गिद्धौर ,जमुई मुख्यालय और एनएच 333 से मिलती है। दरअसल, भंवरा पूल के पास बने लोहे के बेरियर का एक खंबा गिर जाने से राहगीरों के साथ साथ ये वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बना है। स्थानीय निवासी राहुल कुमार , कारू कुमार , अमन कुमार , गोलु कुमार , मंजेश कुमार , आदि ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से स्थिति यथावत बनी है। इस बीच दो तीन बाइक चालक अनियंत्रित होकर चोटिल हो चुके हैं, बावजूद इसके इसे हटाने को लेकर न तो स्थानीय प्रशासन ने पहल की और न ही पंचायत प्रतिनिधियों ने। लोगों ने बताया कि ये बेरियर यहां लगाया गया था,ताकि बड़े और भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित हो सके, लेकिन इसके गिर जाने से छोटी मोटी दुर्घटना तो होती ही है,साथ ही रोजाना एक दो बड़े और भारी वाहनों का आवागमन भी शुरू हो गया है,जो घनी आबादी वाले क्षेत्र के लिए चिन्ता का विषय है। स्थानीय लोगों ने इसे हटाकर पुनः इसे पुराने स्थान पर पुनर्स्थापित करने की मांग रखी है।

## पटना - पुरी स्पेशल आगामी 05 मई से 30 जून के बीच (09 ट्रिप) प्रत्येक रविवार को मौजूदा मार्ग



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने तथा यात्रियों की सुविधा के लिए, रेलवे मौजूदा दिनों, समय और ठहराव के साथ 08439/08440 (पुरी-पटना-पुरी) स्पेशल ट्रेन का परिचालन जारी रखने का निर्णय लिया है।आसनसोल मंडल सूचना पदाधिकारी दीप्तिमय दत्त ने बताया कि 08439 पुरी - पटना स्पेशल आगामी04 मई से 29 जून के बीच (09 ट्रिप) प्रत्येक शनिवार को तथा 08440 पटना - पुरी स्पेशल आगामी 05 मई से 30 जून के बीच (09 ट्रिप) प्रत्येक रविवार को मौजूदा मार्ग, समय और स्टॉपेज के साथ चलेगी।

## ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत सदर अस्पताल में किया जा रहा पोस्टमार्टम

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नवादा -: नवादा जिले के कौवाकोल थाना क्षेत्र के चोंगवा गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर मालिक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान स्वर्गीय मौजी यादव का 35 वर्षीय पुत्र जयराम यादव के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि जयराम अपने ट्रैक्टर का सर्विसिंग कराकर कौवाकोल से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक वाहन ने ट्रैक्टर को चकमा दे दिया जिससे ट्रैक्टर का अनियंत्रित होकर पलट गई और ट्रैक्टर मालिक की घटनास्थल पर मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदस्य अस्पताल भेज दिया है।

## महिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

देवघर : महिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में साइबर थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है. गिरफ्तार आरोपी का नाम रमेश मंडल है और वह दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लोरीघाघर गांव का रहनेवाला है. साइबर थाना की टीम ने उसके पास से कांड में प्रयुक्त मोबाइल सहित सीम कार्ड भी बरामद किया हैं. जानकारी के अनुसार, एसपी राकेश रंजन ने रमेश मंडल की गिरफ्तारी के लिए साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया.

# पारा 40 डिग्री से अधिक पेय जल की समस्या हुई शुरू,नदियों में जलस्तर घटा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: भीषण गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा। हालात यह है कि 40 डिग्री से अधिक तापमान बन रहा है। जिसके कारण नदियों, छोटे छोटे तालाब, पोखर में जलस्तर न के बराबर है।

भीषण गर्मी के कारण झाझा के उलाय नदी में पानी की जगह चारो ओर सिर्फ बालू की रेत ही नजर आ रहा है। नदियों मे पानी की स्त्रोत न के बराबर होने के कारण हालात यह हो चुका अब पानी की किल्लत भी लोगों के सामने आना शुरू हो चुका है। नदी के आसपास के रहने वाले



लोगों के घरों में चापाकल से निकलने वाले पानी भी दम तोड़ते नजर आ रही है। खासकर ग्रामीण इलाकों के पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की किल्लत लोगों के समक्ष उठना शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुंआ में पानी का स्तर काफी नीचे गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में लगे चापाकल की स्थिति भी दयनीय हो चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्र के नदी किनारे बसने वाले कई ग्रामीणों का कहना है कि नदी में जलस्तर पूरी तरह से नीचे चला गया है जिसके कारण चापाकल, कुंआ का स्त्रोत भी पानी के स्तर तक नही पहुंच पा रहा है जिसके कारण पेयजल की संकट ग्रामीण क्षेत्रों में उठना शुरू हो चुका है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98